# श्याम मुझे नौकर रखलो अपने ही द्वारे का

श्याम मुझे नौकर रखलो अपने ही द्वारे का
सदा अब बांके रहूँगा मैं चाकर प्यारे का
श्याम मुझे नौकर रखलो ................

श्याम मुझे रखलो परमानेंट
कभी न होगी मेरी एब्सेंट
मैं दर्शन रोज़ करूँगा हारे के सहारे का
बाबाजी मुझे नौकर रखलो ................

बाबा जी रहूं तेरा सेवादार
रोज़ दूँ अंगना तेरा बुहार
बाबा से मैं तो प्यार करूँगा
मैं नित श्रृंगार करूँगा भक्तों के दुलारे का
बाबाजी मुझे नौकर रखलो ................

मुझे दुनिया ने बहुत सताया
हार के तेरे द्वारे आया
नज़र सोनू पर करदो
अपने शर्मा पर कर दो दास तेरे द्वारे का
बाबाजी मुझे नौकर रखलो ................

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20961/title/shyam-mujhe-nokar-rakhlo-apne-hi-dware-ka

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |